

भाजन



विराट कोहली

वनडे सीरीज के लिए ऑकलैंड पहुंचे

गौरवशाली परंपरा का 209 वर्ष

श्रद्धा कपूर

'ईठा' के ट्रेलर में छा गयीं

पटना, शनिवार, ३१ अक्तूबर, २०२६ सौर १२ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण ९२पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

भाजपा के पूर्व सांसद आरके सिन्हा का निधन

पटना में आज होगा अंतिम संस्कार



पटना(आससे) । बीजेपी के पूर्व राज्यसभा सांसद रविन्द्र किशोर सिन्हा का निधन हो गया. उन्होंने शुक्रवार सुबह नोएडा स्थित आवास पर आखिरी सांस ली. वे लंबे समय से बीमार थे. आरके सिन्हा एक सफल कारोबारी भी थे और एसआईएस ग्रुप को संस्थापक थे. आर के सिन्हा बीजेपी के संस्थापक सदस्यों में से थे।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि, शुक्रवार सुबह आरके सिन्हा का नोएडा स्थित आवास पर निधन हो गया. उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए दिल्ली से पटना स्थित अन्नपूर्णा भवन, पाटलिपुत्र लाया गया.

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सीएम ने जताया शोक

पटना (आससे) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जनसंघ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद है। पत्रकारिता, समाजसेवा एवं संगठन के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

गंगा जल संधि में बिहार के हितों का ख्याल रखा जाये : सम्राट

(आज समाचार सेवा)

पटना (आससे) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना के चाणक्या होटल में 'गंगा जल संधि-बिहार की जल सुरक्षा' विषय पर जल संसाधन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने कलश में गंगा जल डालकर इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया! मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की नदियों, जल संसाधन और यहां की आबादी को राज्य की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत बनाना है। यदि हम अपनी कमजोरियों को ताकत में बदलने में सफल रहे, तो बिहार को समृद्ध राज्य बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि बिहार के समग्र विकास, कृषि के विस्तार और औद्योगिक प्रगति के लिए पर्याप्त जल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। राज्य को पीने के पानी, किसानों के खेतों की सिंचाई और उद्योगों के संचालन के लिए पानी चाहिए। गंगा जल एवं फरक्का समझौते से जुड़े विषयों में बिहार के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे का लगभग 25 वर्षों से लंबित विवाद माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के सहयोग से सुलझाया गया है, इसके तहत बिहार को तीन-चौथाई (3/4) पानी प्राप्त होगा। यह राज्य के जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गाद प्रबंधन को

(शेष पृष्ठ ९ पर)

25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक होगी जनगणना

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार ने जनगणना की तारीखों का एलान कर दिया है। ज्यादातर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या की गणना की जाएगी। हालांकि, विधानसभा चुनाव वाले राज्यों और बर्फबारी से प्रभावित कुछ इलाकों में इस अवधि के दौरान जनगणना नहीं होगी।


विस चुनाव वाले और बर्फबारी वाले राज्यों में नहीं होगा सेंसस

भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई है। नोटिफिकेशन के मुताबिक, जनगणना 2027 के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे निर्धारित की गई है। यानी इसी तारीख और समय को आधार मानकर देश की आबादी के आंकड़े दर्ज किए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और लद्दाख में 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच जनगणना नहीं कराई जाएगी। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को भी इस अवधि में जनगणना से बाहर रखा गया है, जहां भारी बर्फबारी के कारण सामान्य समय पर यह प्रक्रिया पूरी करना संभव नहीं है। मणिपुर में जनगणना की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने के कारण फिलहाल यह फैसला लिया

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार संग्रहालय के मुरीद हुए आनंद महिंद्रा

पटना। बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को एक बार फिर वैश्विक पहचान मिली है। पटना स्थित बिहार संग्रहालय ने दुनिया के 100 सर्वश्रेष्ठ संग्रहालयों की सूची में नौवां स्थान हासिल कर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है। इतना ही नहीं,



एशिया में इसे सर्वश्रेष्ठ संग्रहालय का दर्जा मिला है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा पत्रिका 'वर्थ एंड जर्नी' की ओर से जारी इस सूची में बिहार संग्रहालय की उपलब्धि की देशभर में सराहना हो रही है। प्रसिद्ध उद्योगपति और महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने भी बिहार संग्रहालय की इस उपलब्धि की सराहना की है। उनके इस सकारात्मक रुख पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'

(शेष पृष्ठ ९ पर)

सीएम ने दिया बिहार आने का न्योता

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com

नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

स्कूलों में जींस टीशर्ट पर रोक

पटना (आशिप्र)। राज्य के सभी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में शालीन व्यवहार और गरिमामयी वातावरण बनाए रखना अनिवार्य होगा। शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों को शिक्षण और कार्यालय अवधि में औपचारिक परिधान पहनकर ही विद्यालय आना होगा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की पहल पर अपर मुख्य सचिव श्री सीके अनिल ने इस संबंध में निर्देश जारी कर इसका सख्ती से पालन कराने को कहा है।

शुक्रवार को सभी डीईओ को जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी इस

(शेष पृष्ठ ९ पर)


दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में

सुप्रीम कोर्ट से अनंत सिंह की जमानत रद्द

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने दुलारचंद यादव हत्याकांड में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के निष्कासित विधायक अनंत सिंह की जमानत रद्द कर दी है। अदालत ने उन्हें एक दिसंबर तक सरेंडर करने का निर्देश दिया है। साथ ही बिहार पुलिस को हत्याकांड की जांच चार महीने के भीतर पूरी करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम

(शेष पृष्ठ ९ पर)



1 दिसंबर को मैं सरेंडर करूंगा : अनंत सिंह

पटना (निप्र)। बिहार की सियासत में मोकामा एक बार फिर चर्चा में है। दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट से जमानत रद्द होने के बाद मोकामा विधायक अनंत सिंह ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा है कि वह 1

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में चक्रवात अर्णब से धान की फसल बर्बाद

पटना (आससे)। चक्रवाती तूफान अर्णब से लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बिहार में बेमौसम बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है।

धान के साथ केला एवं सब्जी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कृषि विज्ञानी के अनुसार राज्य में बड़े पैमाने पर फसलों की क्षति का अनुमान है। धान उत्पादन में 15 से 20 प्रतिशत तक कमी हो सकती। बारिश के असर से आगामी दलहन एवं तेलहन सहित रबी फसलों की बोआई में भी देरी होगी। 48 घंटे से लगातार हो रही

(शेष पृष्ठ ९ पर)